# शहर में निकली विभिन्न धार्मिक यात्राओं के कारण यातायात का कचूमर बना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोमवार को शहर में सुबह से लेकर रात तक निकाली धार्मिक यात्राओं के कारण यातायात का कचूमर बन गया. स्थित यह हो गई कि शहर की अधिकांश सड़कों पर वाहन चींटी की चाल से रेंगते नजर आए. सबसे ज्यादा बेकार स्थिति सुबह राजबाड़ा, जवाहर मार्ग, सुभाष मार्ग और एमजी रोड़ पर नजर आई. वहीं शाम को एबी रोड, पलासिया, पाटनीपुरा, मालवा मिल, एलआईजी चौराहा, परदेशीपुरा, भमोरी क्षेत्र में यातायात जाम से लोग परेशान हो रहे थे.**






आज शहर में सुबह शास्त्री ब्रिज गोपेश्वर मंदिर से राजबाड़ा जबरेश्वर महादेव मंदिर तक गोलू शुक्ला की पत्नी द्वारा महिला कावड़ यात्रा से राजबाड़ा, जवाहर मार्ग, पटेल ब्रिज, हरसिद्धि, यशवंत रोड़, महूनाका, गंगवाल बस स्टैंड, बड़ा गणपति, एमजी रोड़, श्रीकृष्ण टॉकीज से शास्त्री ब्रिज तक चारों तरफ यातयात जाम लगा रहा. शाम को 4 बजे पंचकुइया स्थित भूतेश्वर मंदिर की यात्रा से गंगवाल बस स्टैंड, राजमोहल्ला,मालगंज, टोरी कॉर्नर, खजुरी बाजार, मल्हारगंज, बड़ा गणपति, जिंसी, एयरपोर्ट सहित आसपास की गलियों तक में लोग यातायात जाम से परेशान होते रहे.

इसके बाद मिल क्षेत्र में एलआईजी के सामने शिव मंदिर की धार्मिक यात्रा के कारण पाटनीपुरा, मालवा मिल, नवलखा से शिवाजी वाटिका तक, एबी रोड पर विजय नगर चौराहा, सत्यसांई चौराहा, एलआईजी चौराहा, पलासिया, रीगल चौराहे, रेसकोर्स रोड जंजीरवाला चौराहे से इंडस्ट्री हाउस चौराहा, संजय सेतु, रिवर साइड रोड पर यातायात लगातार जाम होता रहा. इस दौरान यातायात पुलिस जवान कहीं नजर आए और कहीं जगह गायब थे. आश्चर्य जनक बात यह है कि ट्रैफिक जाम खोलने वाला कोई नहीं था. पुलिस यात्राओं के संरक्षण में लगी थी. वहीं वाहन चालक आपस में गुत्थम गुत्था होकर परेशान होते रहे.

## एक नजर में

### सरगुजा की महिलाओं ने बदली 14 गांवों के बच्चों की सेहत

इंदौर. छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के एक सुदूर ग्रामीण इलाके की ग्रामीण महिलाओं ने मिलकर एक ऐसी अनूठी पोषण क्रांति की शुरुआत की है, जिसने न सिर्फ बच्चों में कुपोषण को मात दी है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार की एक नई इबारत भी लिख दी है. अक्सर स्कूलों में मिड-डे मील का राशन बाहरी वेंडरों से आता है. लेकिन सरगुजा के एक विशेष ग्रामीण स्कूल में पढ़ रहे 14 गांवों के 1000 से अधिक आदिवासी बच्चों के लिए कहानी बिल्कुल अलग है. यहाँ बच्चों की थाली में परोसी वाली हरी सब्जियां और दूध सीधे स्थानीय महिलाओं के खेतों और होम-डेयरी से आते हैं. बदलाव की कहानी को बयां करते हुए रसोई संभालने वाले महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष और स्कूल के एक छात्र की दादी माँ, अमिता सिंह कहती हैं पहले जब हमारे बच्चे स्कूल से आते थे, तो थके-हारे और बीमार दिखते थे. जब स्कूल वालों ने हमसे बात की, तो हमने तय किया कि हम खुद अपने खेतों की शुद्ध सब्जियां स्कूल को देंगे. अब हम माताएं मिलकर खाना बनाती हैं. अब रसोई चलाने और सब्जियां बेचने से हमें हर महीने पक्की आमदनी भी हो जाती है, जिससे हम अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठा पा रहे हैं.

### क्वांटम फ्लेक्सी कैप फंड लांच

इंदौर. क्वांटम म्यूचुअल फंड ने क्वांटम फ्लेक्सी कैप फंड लॉन्च कर दिया है। यह एक ओपन-एंडेड डायनेमिक इक्विटी स्कीम है, जो लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगी. इस नए फंड ऑफर (एनएफओ) में 21 अगस्त, से निवेश शुरू किया जा सकेगा और यह 4 सितंबर को बंद होगा। फंड में 11 सितंबर, 2026 से दोबारा लगातार खरीद और बिक्री की सुविधा शुरू होगी. इस फंड का मैनेजमेंट क्वांटम म्यूचुअल फंड के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर चिराग मेहता और फंड मैनेजर- इक्विटी केतन गुजराथी करेंगे. फंड के लॉन्च पर सीआईओ और फंड मैनेजर चिराग मेहता ने कहा भारत में लोगों की बढ़ती उम्मीदों, अर्थव्यवस्था के औपचारिक होने, टेक्नोलॉजी में तेजी से हो रहे बदलाव, नीतिगत सुधारों और ग्राहकों की बदलती पसंद के चलते कई बड़े बदलाव हो रहे हैं. यह फंड रिसर्च के जरिए ऐसे बदलावों को पहचानने और उचित वैल्यूएशन पर उपलब्ध अच्छी कंपनियों में निवेश करने के लिए तैयार किया गया है. हमारा लक्ष्य ऐसा डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो तैयार करना है, जो लंबे समय में निवेशकों की संपत्ति बढ़ाने में मदद करे और साथ ही क्वांटम की अनुशासित निवेश सोच के अनुरूप बना रहे.

### एक्सिस बैंक ने 50 नई शाखाओं का किया शुभारंभ

इंदौर. भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह समारोह के तहत, देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने देश भर में 50 नई शाखाओं का उद्घाटन किया. शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण बाजारों में फैली ये नई शाखाएं ग्राहकों के करीब बैंकिंग सेवाओं का संपूर्ण दायरा लेकर आएंगी, जो बैंक के तकनीक-संचालित डिजिटल इकोसिस्टम को और मजबूत करेंगी. पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु और झारखंड में स्थित इन शाखाओं को एक सहज बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. इस अवसर पर, एक्सिस बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुनीश शारदा ने कहा जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, देश के विकास में और लोगों की ज़रूरतों को पूरा करने में बैंकों की बड़ी भूमिका है. स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान 50 नई शाखाएँ खोलना यह दिखाता है कि जहाँ भी विकास हो रहा है और जहाँ ग्राहकों को हमारी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है, हम वहाँ पहुँचना चाहते हैं. इसके साथ ही, हम ऐसी नई सुविधाओं पर काम कर रहे हैं जिससे ग्राहकों के लिए बैंकिंग पहले से ज़्यादा आसान, सुरक्षित और काम की बन सके.

### एलजी ने एनवीडिया के साथ रोबोटिक्स सहयोग तेज किया

इंदौर. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी) ने आज घोषणा की कि वह एनवीडिया के साथ अपने रोबोटिक्स सहयोग को तेज कर रहा है. एलजी ने सियोल, दक्षिण कोरिया में कंपनी के यांगजे आरएंडडी कैंपस में निर्माणाधीन अपनी डेटा फैक्ट्री में वरिष्ठ एनवीडिया अधिकारियों की मेजबानी की, ताकि दोनों कंपनियों के सहयोग की दिशा की समीक्षा की जा सके और आगे की सिनर्जी उत्पन्न करने के तरीकों पर चर्चा की जा सके. दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने एलजी की डेटा फैक्ट्री की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की, जिसके इस साल के अंत तक पूरी तरह से चालू होने की उम्मीद है. एलजी ने डेटा उत्पन्न करने, एकत्र करने और उससे सीखने के लिए अपने स्वयं-विकसित, फील्ड-प्रूवन एलजी क्लोइडइ होम रोबोट्स को बड़े पैमाने पर तैनात किया है. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ, ल्यू जे-चिओल ने कहा ग्रुप में मुख्य क्षमताओं को एक साथ लाने वाले वन एलजी पर निर्मित सिनर्जी - और ग्लोबल पार्टनर्स के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, हम फिजिकल एआई में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता सुरक्षित करेंगे और एक व्यापक रोबोटिक्स सॉल्यूशंस प्रोवाइडर बनेंगे.

### बीकेटी टायर्स ने इंदौर में नया वेयरहाउस शुरू किया

इंदौर. ग्लोबल ऑफ-हाईवे टायर लीडर, बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) ने भारत के ऑन-हाईवे टायर बाजार में अपनी पहुँच बढ़ाते हुए भारत के कमर्शियल वैहिकल रेडियल मार्केट में अपनी स्थिति मजबूत की है. कंपनी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में अपना नया वेयरहाउस शुरू किया है. वेयरहाउस के उद्घाटन अवसर पर बीकेटी की लीडरशिप, चैनल पार्टनर और राज्य के ट्रांसपोर्ट सेक्टर के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि मौजूद थे, जिनमें राजीव पोद्दार, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, बीकेटी; सतीश शर्मा, सीनियर प्रेसिडेंट एवं डायरेक्टर - बिजनेस डेवलपमेंट एंड स्ट्रेट्जी, बीकेटी; और अमित कुमार अग्रवाल, नेशनल सेल्स हेड, कमर्शियल वैहिकल रेडियल टायर्स, बीकेटी शामिल थे. मे. शिवम ट्रैक इंपैक्स प्रा. लि. की ओर से श्री शैलेंद्र गोयल और श्री शिवम गोयल उपस्थित थे. अमित कुमार अग्रवाल, नेशनल सेल्स हेड, कमर्शियल वैहिकल रेडियल टायर्स, बीकेटी ने कहा हम भारत में कमर्शियल वैहिकल रेडियल सेगमेंट में अपनी पहुँच को बढ़ा रहे हैं. इंदौर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जो हमें अपनी मार्केट एक्सेस को मजबूत करने तथा फ्लीट ऑपरेटर्स एवं चैनल पार्टनर्स के साथ जुड़ने का एक रणनीतिक आधार प्रदान करेगा.

### पोवा 8 प्रो 5जी एआई असिस्टेंट के साथ स्टोर्स में उपलब्ध

इंदौर. पोवा 8 प्रो 5जी की बिक्री 21 अगस्त से पूरे भारत में शुरू हो चुकी है. यह स्मार्टफोन उन यूज़र्स के लिए एक ऐसा अनुभव लेकर आया है, जो चाहते हैं कि उनका फोन थोड़ा कम... साधारण और कुछ ज्यादा खास महसूस हो. पीछे की तरफ दिया गया अलाइन मेट्रिक्स डिस्प्ले इसका सबसे बड़ा आकर्षण है. यह डॉट-मैट्रिक्स पैनल फोन के पिछले हिस्से को एक उपयोगी स्क्रीन में बदल देता है, जहां बैटरी स्टेटस, टाइमर और नोटिफिकेशन दिखाई देते हैं. वहीं, स्मार्ट कॉलर आईडी कॉल रिसीव करने से पहले संभावित स्पैम कॉल की पहचान करने में मदद करती है. फोन को स्क्रीन की तरफ से नीचे रख दें, तो यह एक डेस्क क्लॉक में बदल जाता है. अलग दिखना आसान है, लेकिन अलग दिखने के साथ वास्तव में उपयोगी होना मुश्किल—और पोवा इसी खासियत पर दांव लगा रहा है. पोवा 8 प्रो 5जी 21 अगस्त से फ्लिपकार्ट और देशभर के रिटेल आउटलेट्स पर 49,999 रुपए की कीमत में उपलब्ध होगा. खरीदारों को 18 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई की सुविधा मिलेगी, जिसकी शुरुआत 2,777 रुपए प्रति माह से होती है. यह फ़ोन अपने शानदार डिज़ाइन के साथ-साथ रोज़ाना इस्तेमाल के लिए बेहतरीन अनुभव भी देता है. इससे स्ट्रीमिंग और रोजमर्रा की स्क्रॉलिंग का अनुभव बिना किसी रुकावट के स्मूथ बना रहता है।

# 42 नए ग्रिडों से मालवा-निमाड़ में बिजली आपूर्ति मजबूत

- आरडीएसएस के 26 और एसएसटीडी के 16 सब स्टेशन बनकर हैं तैयार
- लाखों बिजली उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ता सेवा को बेहतर बनाने और लगातार बढ़ रही बिजली मांग की गुणवत्तापूर्ण पूर्ति के लिए विद्युत अधोसंरचना के विस्तार पर जोर दिया है. इसी क्रम में पिछले एक वर्ष के दौरान मालवा-निमाड़ क्षेत्र में 33/11 केवी क्षमता के 42 नए सब स्टेशनों का निर्माण कर उनसे बिजली आपूर्ति शुरू की गई है. कंपनी के अनुसार, इनमें आरडीएसएस (रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के तहत 26 तथा एसएसटीडी के तहत 16 सब स्टेशनों का निर्माण किया गया है. इन नए ग्रिडों के शुरू होने से किसानों के साथ-साथ औद्योगिक, घरेलू और गैर-घरेलू श्रेणी के लाखों उपभोक्ताओं को बेहतर एवं अधिक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति मिल रही है. विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहरी क्षेत्रों में भी बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है. इंदौर और उज्जैन शहर के चयनित क्षेत्रों में अंडरग्राउंड केबल बिछाने का कार्य किया गया है. इससे बिजली लाइनों से जुड़े व्यवधानों को कम करने और आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी.

# 2021 के बाद 24 तक सबसे कम बारिश इंदौर में

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इस साल मानसूनी बारिश मालवा निमाड़ से रूठी हुई है. इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2021 के बाद पिछले पांच सालों सबसे कम बारिश हुई हैं. इस बारिश का आंकड़ा 430 मिलीमीटर वर्षा का बता रहा है, जो 2021 की 390 मिलीमीटर बारिश से ज्यादा है. यह बात अलग है कि इस साल पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा निमाड़ क्षेत्र में सामान्य से 20 प्रतिशत बारिश कम हुई है. इंदौर में यह आंकड़ा 22 प्रतिशत कम का बता रहा है.

इस साल मानसूनी बारिश मालवा निमाड़ क्षेत्र में सामान्य से बहुत कम दर्ज हुई है. ऐसा भी है कि कम दबाव का क्षेत्र नहीं बना है, इस बार डिप्रेशन के चार सिस्टम बने है, लेकिन उत्तरी मध्य प्रदेश के ग्वालियर, रीवा, सागर , शहडोल, डिंडौरी की तरफ कम दबाव का क्षेत्र विकसित कर अच्छी बारिश करवा रहे हैं. पश्चिमी मध्य प्रदेश में बारिश का आंकड़ा 2021 में 390 मिलीमीटर दर्ज किया गया था. इसके बाद इस साल बाद पिछले पांच साल में सबसे कम बारिश होने का रिकॉर्ड इंदौर में 430 मिलीमीटर यानि 17 इंच तक पहुंचा है ।24 अगस्त तक मानसूनी बारिश इस बार 8 से 10 इंच कम दर्ज हुई है। इंदौर में यह आंकड़ा 22 प्रतिशत और पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा निमाड़ क्षेत्र में 20 प्रतिशत कम बारिश होना दर्शा रहा है. अभी पश्चिम बंगाल एवं उत्तर ओडिशा, झारखंड तथा उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है. इसका प्रभाव उत्तरी मध्य प्रदेश के ग्वालियर, सागर, भिंड, रीवा शहडोल डिंडौरी में बन रहा है. इसके कारण उत्तरी मध्य प्रदेश में जमकर बारिश हो रही है. पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा निमाड़ क्षेत्र में कम के क्षेत्र की अच्छी स्थिति नहीं है. छोटे प्रभाव बनने के बाद शायद बारिश होने की संभावना बन सकती है. अगले 24 घंटों के दौरान लगभग उत्तर-पश्चिम दिशा में गंगीय पश्चिम बंगाल तथा उससे लगे उत्तर ओडिशा एवं झारखंड के क्षेत्रों में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय होकर आगे बढ़ने की संभावना है. ध्यान रहे कि 2021 अगस्त में 390 मिलीमीटर बारिश हुई थी, लेकिन 30 सितंबर तक इंदौर और मालवा निमाड़ क्षेत्र में 890 मिलीमीटर बारिश का आंकड़ा पहुंचा था. इसलिए अभी मानसून का 30 सितम्बर तक का समय यानि 35 दिन बाकी है.

### छोटे-छोटे प्रभाव से बारिश की उम्मीद



मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अभी कम दबाव का क्षेत्र पश्चिमी एवं दक्षिणी मध्य प्रदेश के आसपास नहीं हैं. अभी जितना भी सिस्टम का मूवमेंट है, उसका लाभ मालवा निमाड़ को नहीं मिल पा रहा है. छोटे छोटे प्रभाव से शायद बारिश होने की उम्मीद की जा सकती है. इस बार मौसम के डिप्रेशन चार बार बने है, जो सामान्य रूप से एक या दो बार ही बनते है. इसलिए बारिश तो हो रही है, लेकिन मालवा निमाड़ क्षेत्र में इसका असर नहीं बढ़ने से बारिश नहीं हो रही है. छोटे छोटे कम दबाव का क्षेत्र पश्चिमी एवं दक्षिणी मध्य प्रदेश की तरफ बढ़े तो बनने से बारिश संभावित है

# कुबेरेश्वरधाम कावड़ यात्रा के चलते सीहोर में रेल ठहराव बढ़ा, पांच ट्रेनों के रुकेंगे पहिए

## 25-26 अगस्त को अतिरिक्त ठहराव, सुबह से रात तक श्रद्धालुओं को मिलेगा रेल सफर का विकल्प

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** कुबेरेश्वरधाम में कावड़ यात्रा के चलते सीहोर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने लगी है. संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने सीहोर स्टेशन पर पांच ट्रेनों के अस्थायी ठहराव की व्यवस्था की है. 25 और 26 अगस्त को ये ट्रेनें दो मिनट के लिए सीहोर में रुकेंगी. इससे दूसरे शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं को सीहोर पहुंचने के लिए अतिरिक्त रेल विकल्प मिलेंगे.

रेलवे की इस अस्थायी व्यवस्था में वाराणसी-इंदौर सुपरफास्ट, इंदौर-वाराणसी सुपरफास्ट, इंदौर-पटना एक्सप्रेस, पटना-इंदौर एक्सप्रेस और मन्नारगुडी-जयपुर सुपरफास्ट शामिल हैं. खास बात यह है कि इन ट्रेनों के ठहराव का समय सुबह से देर रात तक फैला हुआ है. निर्धारित समय पर पहुंचना होगा-कावड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सीहोर पहुंचने की संभावना है. ऐसे में दो दिनों के लिए ट्रेनों का यह अतिरिक्त ठहराव यात्रियों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है. हालांकि ठहराव सिर्फ दो मिनट का होने के कारण यात्रियों को ट्रेन के निर्धारित समय से पहले स्टेशन पहुंचना होगा. रेलवे के मुताबिक, यात्रा से पहले ट्रेनों के समय और ठहराव की ताजा स्थिति की जानकारी लेना जरूरी है. परिचालन से जुड़े अपडेट रेलवे की इंक्वायरी सेवा और रेल वन ऐप पर देखे जा सकते हैं.

### सुबह 4 .58 बजे से शुरू होगा ठहराव

सीहोर स्टेशन पर सबसे पहले वाराणसी-इंदौर सुपरफास्ट सुबह 4 .58 बजे पहुंचेगी और 5 बजे रवाना हो जाएगी. इसके बाद पटना-इंदौर एक्सप्रेस 9 .45 बजे, इंदौर-वाराणसी सुपरफास्ट दोपहर 1.15 बजे और इंदौर-पटना एक्सप्रेस शाम 5 .26 बजे स्टेशन पहुंचेगी. रात में मन्नारगुडी-जयपुर सुपरफास्ट 10 .26 बजे सीहोर पहुंचेगी और दो मिनट बाद रवाना होगी.

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही करने पर पांच अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई


नव भारत न्यूज

**इंदौर.** कलेक्टर ने सोमवार को समय-सीमा बैठक की समीक्षा में पांच अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई की. इस दौरान कलेक्टर ने तीन अधिकारी-कर्मचारियों पर अर्थदंड, एक लेखापाल निलंबित तथा स्कूल की प्राचार्य को शोकॉज नोटिस जारी किया.



कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज समय सीमा बैठक में विभागवार समीक्षा की. बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज आवेदनों में से पांच प्रकरणों का चयन कर उनके निराकरण की स्थिति पर चर्चा की. इस दौरान शिकायतों के निराकरण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की. कलेक्टर ने विभिन्न सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों लापरवाही करने पर नगर विकास एवं आवास विभाग के सब इंजीनियर आकाश ऐरवाल, बिजली कनेक्शन को लेकर ऊर्जा विभाग सहायक यंत्रीराहुल सिंह चंदेल पर 5-5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया. इसी तरह स्कूल शिक्षा विभाग के लेखापाल मुकुंद जमरा को निलंबित करने तथा प्राचार्य शबाना शेख को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए. वहीं प्रसूति सहायता योजना की शिकायत का निराकरण नहीं करने पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिसोदिया पर दो हजार रुपए का अर्थदंड लगाया. बैठक में आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार,रिंकेश वैश्य, निगम अपर आयुक्त प्रखर सिंह तथा श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

# वीर गोगादेव प्रकटोत्सव समिति का गठन




**इंदौर.** प्रति वर्षानुसार वाल्मीक समाज के आराध्य वीर गोगादेव का 81वां प्रकटोत्सव अहिंसावादी वाल्मीक समाज द्वारा 5 सितंबर को को हर्षो उल्लास, धूमधाम से इंदौर शहर वाल्मीक पंचायत एवं अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् म. प्र. के संयुक्त तत्वावधान में मनाया जायेगा.

शहर वाल्मीक पंचायत के अध्यक्ष राहुल राठौर, सचिव चौधरी भूपेंद्र सिंह लोट ने बताया कि उत्सव के लिए प्रकटोत्सव समिति का गठन किया गया है. इसमें संयोजक चौधरी वीरेंद्र सिंह लोट, अध्यक्ष नविन चीराउंडे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र आदिवाल, सचिव आदित्य प्याल, सह सचिव संदीप शिंदे, कोषाध्यक्ष अनिकेत चौहान, संगठन मंत्री अमित बिलरवान, कार्यकारिणी सदस्य रवि सुनहरे, शुभम वर्मा, कुलदीप जाटव, नितिन टकोरिया, कृष्णा यादव, ऋषभ बलोदरा, मयूर झांझरिया, रोहित राठौर, अनिल बिलरवान, दीपक रायकवार, मोनिका जोशी, भावना गुप्ता, माला प्याल, वर्षा बिलरवान, निर्मला लोट, भावना राठौर, तारा देवी लोट, यश तम्बोली, सौरभ डागर, सोनू, अंश, सौरभ, निखिल, उज्जवल तम्बोली, ऋतिक बलोदरा, इन्दु पारोचे आदि मनोनीत किये गए.

# स्विमिंग पूल का टेंडर फर्जी तरीके से लेने के खिलाफ शिकायत

### मामला आईडीए का

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आईडीए द्वारा निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल के टेंडर लेने के मामले में पुलिस में शिकायत की गई है. शिकायत बिना अनुमति अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग कोच के दस्तावेज के उपयोग करने का है. दस्तावेज उपयोग करने की जानकारी स्विमिंग कोच को तीन साल बाद लगी.

शिकायतकर्ता स्विमिंग कोच मुकुंद मोहन शर्मा के मुताबिक वर्ष 2022 में वे छात्र संदीप तोकस के माध्यम से देवा स्विमिंग इंस्टीट्यूट से जुड़े थे. शर्मा ने 21 फरवरी 2023 देवा इंस्टीट्यूट संस्थान डायरेक्टर देवेंद्र लांबा और उनकी पत्नी मधुलिका को अपनी शैक्षणिक योग्यता और पेशेवर उपलब्धियों से संबंधित दस्तावेज दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के स्विमिंग पूल के टेंडर लेने के लिए दिए थे. नई दिल्ली तालकटोरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्विमिंग पूल का टेंडर बाद में निरस्त हो गया. शर्मा का कहना है कि इसके बाद दस्तावेज किसी अन्य सरकारी, अर्द्धसरकारी या निजी टेंडर में लगाने की अनुमति नहीं दी थी. इसके बावजूद लांबा दंपत्ति ने आईडीए के शर्मा स्विमिंग पूल संचालन के टेंडर में लगाकर 8 सितंबर 2023 को अनुबंध हासिल कर लिया. शर्मा ने बताया कि आईडीए के टेंडर में उनके दस्तावेज का उपयोग करने की अनुमति और लिखित सहमति नहीं गई. इसकी जानकारी मिलने पर आईडीए सीईओ को ई-मेल के जरिए शिकायत की थी. बाद में शपथपत्र के साथ लिखित शिकायत भी की गई.




### संचालक ने आरोप को निराधार बताया

स्विमिंग कोच मुकुंद मोहन शर्मा ने उक्त मामले पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है. क्राइम ब्रांच को जांच करने के बाद आगे एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है. दूसरी ओर देवा स्विमिंग इंस्टीट्यूट के संचालक देवेंद्र लांबा ने आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया है. पुलिस की क्राइम ब्रांच शाखा को संस्था की ओर से जवाब दिया जा चुका है. उक्त मामले में आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े को कॉल किया था, लेकिन व्यस्तता के चलते उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया.

एक नजर में | कार्रवाई के विरोध में किया प्रदर्शन, त्योहार से पहले फुटपाथ कारोबारियों पर रिमूवल कार्रवाई

# राजवाड़ा पर फुटकर व्यापारियों और नगर निगम में तनातनी

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** त्योहारों के दौरान राजवाड़ा क्षेत्र में फुटकर व्यापारियों और नगर निगम के बीच एक बार फिर तनातनी सामने आई. नगर निगम की रिमूवल कार्रवाई के विरोध में फुटपाथ पर कारोबार करने वाले व्यापारियों ने प्रदर्शन की कोशिश की. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त कराया गया.



नगर निगम का कहना है कि यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को देखते हुए फुटपाथ पर किए जा रहे अस्थायी कारोबार को हटाया जा रहा है. सहायक रिमूवल अधिकारी विनीत तिवारी के मुताबिक, उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए राजवाड़ा क्षेत्र से करीब 150 फुटपाथ व्यापारियों को हटाया गया. वहीं व्यापारियों का कहना है कि राजवाड़ा क्षेत्र में उनका कारोबार पीढ़ियों से चला आ रहा है. उनका आरोप है कि त्योहारों के समय नगर निगम की लगातार कार्रवाई से उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है. राजवाड़ा पर रोजगार और व्यवस्था के बीच टकराव का यह मुद्दा त्योहारों के दौरान एक बार फिर सामने आ गया है। सवाल यह है कि फुटपाथ कारोबारियों की रोजी-रोटी और शहर की यातायात व्यवस्था के बीच स्थायी समाधान कब निकलेगा.



### व्यापारियों ने कहा...

राजवाड़ा पर कारोबार करने वाली मंजू ने बताया कि उनके पति करीब 15 साल की उम्र से यहां व्यापार कर रहे हैं और वह शादी के बाद से उनके साथ फुटपाथ पर कारोबार कर रही हैं. उनके अनुसार परिवार करीब 40 वर्षों से इसी कारोबार पर निर्भर है.



व्यापारी संगीता का कहना है कि उनके परिवार की तीसरी पीढ़ी राजवाड़ा पर कारोबार कर रही है. उन्होंने दावा किया कि वे केवल करीब दो फीट जगह पर बैठकर व्यापार करते हैं और इससे किसी को परेशानी नहीं होती.



वहीं सुनील राठौर ने कहा कि पिछले आठ महीने से लगातार कार्रवाई की जा रही है. प्रदर्शन के बाद कुछ दिनों के लिए व्यापार की अनुमति मिलने की बात भी उन्होंने कही.



**ब्याज पर लाते हैं पैसा**- व्यापारियों का कहना है कि वे उधार और ब्याज पर पैसा लेकर त्योहारों के सीजन में सामान खरीदते हैं. ऐसे समय में कार्रवाई होने से परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है. दूसरी ओर निगम का तर्क है कि फुटपाथ पर अतिक्रमण से यातायात और व्यवस्था प्रभावित होती है.